प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्म–विश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने सभी से महिलाओं को सशक्त बनाने और अवसरों का विस्तार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एन.डी.ए सरकार ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की हैं।

....

जम्वाल

भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को विकास के रास्ते से हटकर अराजकता की ओर धकेलने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था से त्रस्त है जबकि सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है। चैस्टर हिल प्रकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इस मामले ने सरकार की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि इस मामले में नियमों और कानूनों की खुलेआम अनदेखी की गई है।

....

अस्पताल

शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी स्थानांतरित करने का विरोध लगातार जारी है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने आज शिमला में सरकार के खिलाफ

प्रदर्शन किया। समिति की सचिव फालमा चौहान ने राज्य सरकार को महिला विरोधी करार दिया और कहा कि यदि इस फैसले को बदला नहीं गया तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

……………………………………………………………

अग्निकांड

सोलन ज़िले के कसौली की हैरिटेज मार्केट में आज सुबह भीषण अग्निकांड में 8 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई। दमकल विभाग और प्रशासन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में जान–माल के नुकसान का कोई समाचार नहीं है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि इस घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

……………………………………………………………

सम्मान

किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन पुरस्कारों में सिविल सेवा अवार्ड, प्रेरणा स्त्रोत सम्मान व हिमाचल गौरव सम्मान शामिल है। इसमें चार लोगों को हिमाचल गौरव, तीन लोगों को सिविल सर्विस अवार्ड जबकि सात महिलाओं को प्रेरणा स्त्रोत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चयनित लोगों को इन पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे।

……………………………………………………………

अम्बेदकर

संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की जयंती कल मनाई जाएगी। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में डॉक्टर अम्बेदकर का योगदान अविस्मरणीय व अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसने आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखी।

……………………………………………………………